PM Gramin Sadak Yojana

जागरण

PMGSY: यूपी के हर गांव की चमकेंगी सड़कें, मिनटों में तय होगा सफर; निर्माण कार्य के लिए मंजूर हुए 955 करोड़

26 October 2023

लखनऊ: प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पीएमजीएसवाई फेज-3 के लिए केंद्रांश 572.80 करोड़ रुपये और मैचिंग राज्यांश के रूप में 382.82 करोड़ रुपये (कुल 955.62 करोड़ रुपये) की धनराशि जारी किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस संबंध में शासनादेश ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है।

वर्ष 2022 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में प्रयागराज, चित्रकूट, आगरा, हाथरस, मैनपुरी, हमीरपुर व झांसी में कुल नौ मार्गों पर फुल डेप्थ रेक्लेमेशन (एफडीआर) तकनीक पर कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। इस तकनीक पर नौ मार्गों को एफडीआर तकनीक पर कराए जाने का कार्य पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लिया गया था।

हि हिन्दुस्तान

ग्रामीण सड़कों के लिए 955.62 करोड़ स्वीकृत

25 October 2023

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देश पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत पीएमजीएसवाई फेज-तीन की सड़कों के लिए 955.62 करोड़ रुपये की स्वीकृति देते हुए इस धनराशि को जारी करने का आदेश दिया गया है। इस आशय का शासनादेश बुधवार को ग्राम्य विकास विभाग ने जारी किया।

समर सलिल
www.samarsaleel.com

डिप्टी सीएम के निर्देश पर प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत 955.62 करोड़ की धनराशि स्वीकृत

25 October 2023

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत पीएमजीएसवाई फेज-3 (बैच 1, 2021-22) हेतु प्रोग्राम फण्ड में वित्तीय वर्ष 2023-24 के प्रथम किश्त की द्वितीय ट्रेंच के रूप में केन्द्रांश ₹572.80 करोड़ एवं मैचिंग राज्यांश ₹382.82 करोड़ अर्थात् कुल ₹955.62 करोड़ (नौ अरब पचपन करोड़ बासठ लाख मात्र) की धनराशि अवमुक्त किये जाने की स्वीकृति उत्तर प्रदेश शासन द्वारा प्रदान की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। स्वीकृत धनराशि के नियम संगत व्यय व पूर्व में स्वीकृत धनराशियों के निर्धारित प्रारूप पर उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त किये जाने का दायित्व मुख्य कार्यपालक अधिकारी, उप्र ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, लखनऊ का होगा।